अ0शा0प0सं0—531 / एस0एन0आर0वाई0 / 2000

प्रेषक,

श्री एस0आर0लाखा,
सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी / अध्यक्ष,
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
उत्तर प्रदेश ।

लखनऊः दिनाँकः 09 जनवरी, 2000

नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।

महोदय,

शासन स्तर पर इस बात की समीक्षा की जानी है कि गत वर्ष में पूरे प्रदेश में जिला नगरीय विकास अभिकरण द्वारा कितनी धनराशि गैर सरकारी संस्थाओं को दी गयी है, किन—किन कार्यों के लिए दी गयी है, किस मद से दी गयी है, दी गयी धनराशि से क्या—क्या कार्य हुए हैं तथा धनराशि दिए जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिए जाने का क्या स्तर था। कृपया इस सम्बन्ध में गैर सरकारी संस्थावार आवंटित धनराशि का विवरण निदेशक, राज्य नगर विकास अभिकरण उ0प्र0 को **विलम्बवत् दिनाँक 20.02.2000 तक उपलब्ध कराने** का कष्ट करें।

उपरोक्त के अतिरिक्त जिन कार्यों के लिए गैर सरकारी संस्थाओं को आवंटित धनराशि आवंटित की गयी है, उन कार्यों की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुसार है या नहीं, का भौतिक सत्यापन एक टीम गठित कर करवाने का कष्ट करें तथा **सत्यापन रिपोर्ट निदेशक, राज्य नागर विकास अभिकरण, उ0प्र0 को एक माह में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।**

भवदीय

(एस0आर0लाखा)

समस्त जिलाधिकारी (नाम से)
सं0—531(1) / एस0एन0आर0वाई0 / 2000, तद्दिनाँक।

प्रिय महोदय,

उपरोक्त पत्र की प्रति आपके अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है कि कृपया इस विषय में आप अपने स्तर से ही समुचित निर्देश निर्गत करने का कष्ट करें।

भवदीय

समस्त मण्डलायुक्त (नाम से)

(एस0आर0लाखा)
सचिव